भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1625

(दिनांक 29.07.2026 को उत्तर देने के लिए)

वारंगल में मीडिया पहुँच कार्यक्रम

1625. डॉ. कडियम काव्यः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों में वारंगल जिले में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों, जन-जागरूकता अभियानों, मीडिया पहुँच कार्यक्रमों और अन्य संचार पहलों में सहायता की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसी पहलों के लिए दी गई वित्तीय सहायता, अनुदान, प्रचार-प्रसार में सहयोग और अन्य सहायता का वर्षवार ब्यौरा क्या है और लाभान्वित संगठनों और कार्यक्रमों के नाम क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त अवधि के दौरान वारंगल जिले में विभिन्न प्रमुख योजनाओं और जन-कल्याण कार्यक्रमों की जानकारी फैलाने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सामुदायिक मीडिया के माध्यम से चलाए गए जन-जागरूकता अभियानों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरुगन)

(क) से (ग): एक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम "भारत में सामुदायिक रेडियो अभियान को सहायता" के तहत सामुदायिक रेडियो को सहायता प्रदान की जाती है। इस स्कीम का उद्देश्य संसाधनों, क्षमता और प्रौद्योगिकी के साथ नए और मौजूदा सामुदायिक रेडियो स्टेशनों (सीआरएस) को सुदृढ़ करना है। इस स्कीम के प्रमुख घटकों में उपकरणों की खरीद या प्रतिस्थापन के लिए नए और मौजूदा सीआरएस को वित्तीय सहायता प्रदान करना और सामुदायिक रेडियो ऑपरेटरों की क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण शामिल है। वर्तमान में वारंगल जिले में कोई सामुदायिक रेडियो स्टेशन नहीं है।

मंत्रालय इस स्कीम के तहत जागरूकता उत्पन्न करने और ज्ञान साझा करने को बढ़ावा देने के लिए, देश भर में कार्यशालाओं, सेमिनारों और क्षेत्रीय/राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करता है।

पिछले तीन वर्षों (जुलाई, 2026 तक) के दौरान, मंत्रालय ने वारंगल और आसपास के क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, स्वच्छ भारत अभियान, आजादी का अमृत महोत्सव, स्वीप (ईसीआई), हैदराबाद मुक्ति दिवस, संविधान दिवस, वंदे मातरम @150, एक पेड मां के नाम, नशा मुक्त भारत अभियान, तेलुगु स्वतंत्रता सेनानी और पोषण माह जैसे विषयों पर 17 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी) और अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

तेलंगाना राज्य के लिए 24x7 समर्पित चैनल डीडी सप्तगिरी वारंगल जिले सहित पूरे तेलंगाना राज्य की कला, संस्कृति, साहित्य, इतिहास, विरासत, परंपराओं, लोगों, प्रतिष्ठित हस्तियों, समाचार और समसामयिक विषयों, सरकारी स्कीमों और उनके कार्यान्वयन आदि से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण करता है। चैनल द्वारा प्रसारित सामग्री में वारंगल जिले सहित तेलंगाना राज्य में विभिन्न फ्लैगशिप स्कीमों और जन कल्याण कार्यक्रमों/पहलों के बारे में सूचना का प्रसार और उनके कार्यान्वयन शामिल हैं।

****